www.UniversityQuestionPapers.com

Date : 5/3/2010

HINDI (Sanyukta)

Time : 2 Hrs.) **Question Paper : March 2010** (Max. Marks : 40

सूचना : शुद्ध भाषा एवं सुवाच्य लेखन अपेक्षित है।

प्र. 1. (अ) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन के उत्तर लगभग 50–60 शब्दों में लिखिए। (9)

(1) फौजी अधिकारी के प्रति टंडन जी के व्यवहार से हमें क्या प्रेरणा मिलती है ?

(2) लड़की होकर भी महादेवी वर्मा की बचपन में बड़ी खातिरदारी क्यों हुई ?

(3) दफ्तर के लोग 'गरीब' के साथ कैसा व्यवहार करते थे ?

(4) राजा साहब ने पंडित का सम्मान किस प्रकार किया ?

(5) 'टार्च बेचनेवाले' कहानी द्वारा लेखक ने समाज की किस प्रवृत्ति पर व्यंग्य कसा है ?

(आ) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन के उत्तर (पाठ्यपुस्तक के आधार पर) एक–एक वाक्य में लिखिए। (3)

(1) सन् 1919 में राजर्षि पुरुषोत्तम दास टंडन जी ने कौनसा कार्यभार सँभाला ?

www.UniversityQuestionPapers.com

www.UniversityQuestionPapers.com

www.UniversityQuestionPapers.com

(2) नई बदली हुई सुख की परिभाषा क्या है ?
(3) भाषा की सार्थकता किसमें है ?
(4) कीरत बारी कौन था ?
(5) दफ्तर के बाकी तीन कर्मचारी कैसे थे ?

प्र. 2. (क) पठित पद्य-पाठों के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो के उत्तर लगभग 50-60 शब्दों में लिखिए। (6)

(1) कथनी-करनी के संबंध में कबीर के क्या विचार हैं ?
(2) समाज में कौनसा विचित्र दृश्य दिखाई देता है ?
(3) कवि भटनागर सभी विहंगों से क्या अपेक्षा रखते हैं ?

(ख) पठित पद्य-पाठों के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं चार के उत्तर एक-एक वाक्य में लिखिए। (4)

(अ) मन कहाँ घूमता है ?
(ब) नंगे कौन हैं ?
(क) कवि किसका हिसाब देने के लिए कहता है ?
(ड) आकाश किसके लिए है ?
(थ) कवि ने किसके लिए खिराज देने के लिए कहा है ?
(द) माँ का हृदय कैसा है ?

प्र. 3. (च) निम्नलिखित मुहावरों में से किन्हीं दो मुहावरों का अर्थ लिखकर सार्थक वाक्यों में प्रयोग कीजिए। प्रत्येक मुहावरे के लिए अलग-अलग वाक्य लिखिए एवं उसे अधोरेखांकित कीजिए। (4)

(1) कमर कसना। (2) रंग उड़ जाना। (3) पेश करना। (4) परमधाम भेजना।

(छ) निम्नलिखित वाक्यों में से किन्हीं दो वाक्यों को कोष्ठक में सूचित काल में परिवर्तित करके पूर्ण वाक्य लिखिए। (2)

(1) सभी श्रोता मंत्रमुग्ध होकर सुनते हैं। (अपूर्ण भूतकाल)
(2) घड़ी चार-पाँच सौ में मिल जाती है। (सामान्य भविष्यत्काल)
(3) शेर और चीते चारों तरफ घूमते हैं। (अपूर्ण वर्तमानकाल)

(ज) निम्नलिखित अव्ययों में से किन्हीं दो का अव्यय के रूप में ही अर्थपूर्ण वाक्यों में प्रयोग कीजिए। प्रत्येक अव्यय के लिए एक स्वतंत्र वाक्य हो। प्रयुक्त अव्यय को रेखांकित कीजिए। (2)

(1) हमेशा (2) अरे! (3) बीच।

www.UniversityQuestionPapers.com

प्र. 4. (ट) निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर 120 शब्दों में निबन्ध लिखिए। (6)

(1) मेरी माँ
(2) भाषा- मनुष्य के लिए वरदान
(3) एक बाढ़पीड़ित की आत्मकथा
(4) यदि मैं स्कूल का मुख्याध्यापक होता......।

(ठ) निम्नलिखित पत्र का प्रारूप (नमूना) तैयार कीजिए। (4)

सुधीर/सुधा पाठक, 110, आनंद कॉलोनी, नागपुर 440011 से माननीय कक्षा-अध्यापक, गांधी विद्यालय, रामदास पेठ, नागपुर 440011 को सात दिनों की छुट्टी के लिए प्रार्थना-पत्र लिखता/लिखती है। **अथवा** किशोर/किशोरी तायडे, शांति-निकेतन कॉलोनी, नांदगांव 444004 से स्वास्थ्य अधिकारी, नगर परिषद, नांदगाव के नाम अपने मुहल्ले की अस्वच्छता की ओर ध्यान आकर्षित करते हुए, शिकायत-पत्र लिखता/लिखती है।

●●●

www.UniversityQuestionPapers.com